बाल भारती पब्लिक स्कूल
गंगा राम अस्पताल मार्ग
सत्र - 2013-14
नियत कार्य संख्या - 2
कक्षा: आठ
विषय: हिंदी

SA-1

पाठ्य पुस्तक: शक्ति और क्षमा
व्याकरण: समश्रुति भिन्नार्थक शब्द, क्रिया विशेषण

प्र०1. एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए।
(क) यह कविता कौन से काव्य-ग्रंथ का अंश है?
(ख) कौरवों ने पांडवों की विनम्रता को क्या समझा?
(ग) क्षमा कैसे साँप को शोभा देती है?
(घ) श्रीराम कितने दिनों तक और किसलिए समुद्र से विनती करते रहे?
(ङ) विनम्रता की चमक किसमें होती है?

प्र०2. किसने किससे कहा?
"पर नर-व्याघ्र सुयोधन तुमसे कहो, कहाँ, कब हारा?"

प्र०3. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द छाँटकर करें।
(क) —— देह धर त्राहि-त्राहि करता आ गिरा शरण में। (समुद्र, सिंधु)
(ख) —— में जब एक नाद भी उठा नहीं सागर से। (उत्तर, जवाब)
(ग) संधि-वचन संपूज्य उसी का, जिसमें —— विजय की। (शक्ति, ताकत)
(घ) —— पूज दासता ग्रहण की, बँधा मूढ़ बंधन में। (पैर, चरण)

प्र०4. शुद्ध करो।
वीनित, पोरुष, मुड़, दिप्ती, बंधा।

प्र०5. अर्थ लिखो।
नर-व्याघ्र, रिपु, विनत, रघुपति, नाद, दर्प, संपूज्य।

प्र०6. उचित क्रिया विशेषण से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(क) रेखा —— मेरे साथ बाज़ार जाएगी।
(ख) तुम मेरी बात —— से सुनो।
(ग) सच्चाई की —— विजय होती है।
(घ) सीता —— खाया करो नहीं तो मोटी हो जाओगी।
(ङ) शीतल पवन —— बह रही है।
(च) मज़दूर —— परिश्रम करता है।
(छ) शेर —— से दहाड़ रहा था।
(ज) —— खाओ —— पच जाए।
(झ) बिल्ली मेज के —— बैठी है।

प्र०7. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित समरूपी भिन्नार्थक शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों में लिखिए।

(क) —— दूध देती है और युद्ध में —— काम आता है। (धनु, धेनु)
(ख) —— का परिवार में महत्त्वपूर्ण स्थान है और रोगी की —— देखी जाती है। (नाड़ी, नारी)
(ग) अंगूठी में —— लगाया जाता है और सपेरा अपने पास —— रखता है। (नाग, नग)
(घ) —— एक कड़वा सत्य है, हमें —— की सहायता करनी चाहिए। (निधन, निर्धन)
(ङ) हमें बड़ों को —— करना चाहिए जिसका —— अच्छा होता है। (परिणाम, प्रणाम)
(च) ईश्वर के —— से उसने एक —— बनाया। (प्रासाद, प्रसाद)
(छ) —— जीवन के लिए आवश्यक है और हमें —— से दान देना चाहिए। (पाणि, पानी)
(ज) उसका —— कमज़ोर है, जिससे उसका —— पीला पड़ गया है। (वचन, बदन)
(झ) —— में फूल खिलते हैं और जंगल में —— दहाड़ता है। (बाघ, बाग)